# मानव तस्करी के खिलाफ छात्राओं को किया जागरुक



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** बनवासी विकास आश्रम व कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मानव तस्करी रोधी दिवस के अवसर पर 30 जुलाई को पीरटांड़ कस्तूरबा स्कूल में गोष्ठी, रैली व शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में वार्डन सरिता सिंह ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य प्रखंड पीरटांड़ तस्कर गैंग के लिए काफी संवेदनशील है. नौकरी के नाम पर या फर्जी शादी रचाकर बच्चियों को बड़े शहरों में ले जाया जाता है. कस्तूरबा की बच्चियों को इनसे सावधान रहना चाहिए. किसी के बहकावे में लोभ लालच में नहीं फंसना है. जो बच्चे एक बार तस्करी का शिकार होते हैं उसका भविष्य बर्बाद हो जाता है.

### बाल तस्कर गिरोह से कई जिले प्रभावित

वनवासी विकास आश्रम के सुरेश शक्ति ने कहा कि बाल तस्कर गिरोह से झारखण्ड के कई जिले प्रभावित हैं. गिरिडीह में भी निरंतर बाल तस्करी हो रही है. झारखण्ड के तस्करी प्रभावित जिलों में दुमका, पाकुड़, गिरिडीह आदि जिले मुख्य रूप से शामिल हैं. तस्करी कि शिकार अधिकांश बच्चे गरीब घरों की हैं. जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रैली निकालकर बाल विवाह न करने का शपथ भी ली. कार्यक्रम के सीता कुमारी, ज्योत्स्ना रानी, चांदनी मरांडी, सुनील तिवारी, पार्वती सहित दर्जनों छात्राएं उपस्थित थीं.

## विधायक अंबा प्रसाद ने उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** रविवार को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने केरेडारी प्रखंड के गर्री में उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. विधायक अंबा प्रसाद का कांग्रेस कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों ने स्वागत किया. विधायक अंबा प्रसाद ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर व नारियल फोड़ कर शिलापट्ट का अनावरण किया. इस अवसर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के सभी हिस्सों में सुदृढ़ स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता में रहा है. सुदूर से सुदूर इलाकों में भी स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है. विधायक ने कहा कि हमारा उद्देश्य क्षेत्र के अंतिम छोर तक के लोगों की देखभाल के लिए स्वास्थ्य प्रणालियों और संस्थानों की क्षमता विकसित करने पर केंद्रित है. प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक और वर्तमान और भविष्य की महामारियों/आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए स्वास्थ्य



प्रणालियों को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है. निर्माण कार्य करा रहे संवेदक एवं जिला परिषद के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय कार्य पूरा करने को कहा गया है.

## बड़कागांव में पत्रकार सुरक्षा अधिनियम को लेकर जेजेए की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर बड़कागांव बीएम मेमोरियल स्कूल में रविवार को जेजेए की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता पत्रकार नरेश कुमार व संचालन संजय सागर ने किया. बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन ही शक्ति है. जेजेए बड़ा संगठन है. पत्रकारों की सुरक्षा हक और अधिकार के लिए हमेशा लड़ती आई है. कई पत्रकारों को पेंशन दिलाने का भी काम किया है. उन्होंने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि जेजेए के द्वारा रांची के बिरसा चौक में पत्रकार सुरक्षा अधिनियम लागू करने को लेकर दो दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित की जानी है. यह धरना 31 जुलाई से लेकर 1 अगस्त तक चलेगा. हजारीबाग से 31 जुलाई को अधिक संख्या में पत्रकार भाग लेंगे.



इसके बाद उपाध्यक्ष अर्जुन सोनी, जिला सचिव अजय मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य अभय सिन्हा, केरेडारी प्रखंड के अध्यक्ष सुमंत साहा ने भी संगठन की उपलब्धि को लेकर संबोधित किया.

# गावां के कई पंचायतों में पेयजल का हाहाकार



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गावां प्रखंड अंतर्गत गावां, पटना, माल्डा व नगवां पंचायतों में पीएचईडी पानी की मुकम्मल आपूर्ति नहीं कर पा रहा है। यहां पिछले एक माह से 15 से 20 मिनट ही जलापूर्ति हो रही है. इससे ग्रामीण काफी परेशान है. इस संबंध में पीएचईडी के मुंशी से पूछे जाने पर बताया कि पिछले छह माह से यहां का स्टेबलाइजर खराब है. पूरा बोल्टेज नहीं मिलता है, जिससे मोटर नहीं चल पा रहा है. इस वजह से पानी की पूरी आपूर्ति नहीं हो पा रही है. जिला परिषद सदस्य पवन कुमार चौधरी ने बताया कि गावां पीएचईडी के जेई से इस परेशानी की शिकायत की गई है लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ. विभाग जल्द स्टेबलाइजर बनाकर सुचारू जलापूर्ति करे अन्यथा बाध्य होकर सैकड़ो ग्रामीणों के साथ धरना-प्रदर्शन करेंगे. उन्होंने कहा कि जिला परिषद के बैठक में उपायुक्त से मांग करेंगे कि यहां के ठीकेदार को बदला जाए ताकि ग्रामीणों को सही से पानी मिल सकें. दूसरी ओर पीएचईडी के जेई जाहेन्द्र भगत ने कहा कि यह कार्य ग्रामीण जल स्वच्छता समिति की निगरानी में है.

# ब्राउन शुगर के साथ चार युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा पुलिस ने ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री कर रहे चार युवकों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से 42 पुड़िया ब्राउन शुगर, एक मोबाइल फोन और 2640 नकद बरामद हुआ हैं. थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने बताया कि शनिवार को बिरसा मुंडा टाउन हॉल स्थित शौचालय के पास कुछ युवकों द्वारा अवैध रूप से ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री किए जाने की सूचना मिली थी. इसके बाद डीएसपी हेड क्वार्टर वन वीरेंद्र कुमार राम के नेतृत्व में पुलिस ने मौके पर छापामारी की और घेराबंदी कर चार युवक को पकड़ लिया. गिरफ्तार युवकों में सिदगोड़ा विद्यापति नगर निवासी अमन कुमार उर्फ अमन बच्चा, विजय लोहार उर्फ लूलू, सिदगोड़ा बारीडीह बाजार का सूरज यादव उर्फ बच्चा और सिदगोड़ा एआईडबल्यूसी स्कूल के पास का रहने वाला मनीष प्रसाद शामिल है. पूरे मामले का खुलासा थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने रविवार को



थाने में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान किया. उन्होंने बताया कि इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों के विरुद्ध छापामारी अभियान जारी है, जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा. पुलिस ने चारो को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है.

## रेल कर्मी के घर से हजारों के गहने व नगद लूटे

**धनबाद।** सदर थाना क्षेत्र के पम्पू तालाब के निकट रेल कर्मी के आवास में शनिवार 29 जुलाई की रात हथियार बंद तीन अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया. बारिश और बिजली गुल होने का फायदा उठा कर चोर की घर की चारदीवारी लांघकर घर में दाखिल हुए. गृहस्वामी चंद्रपाल ने बताया रात में वो ड्यूटी पर थे. तभी उनकी पत्नी प्रियंका ने फोन कर घर में चोरी होने की खबर दी. पत्नी प्रियंका ने बताया कि घर में सभई लोग सोए हुए थे, तभी तीन अपराधी काले कपड़े में घर में चारदिवारी लांघ कर घुस गए. हथियार के दम पर घर में रखे 20 से 25 हजार के गहने और 4 हजार रुपए नगद लेकर चंपत हो गये. घटना की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई.

## सांसद व विधायक ने किया स्कूल में विभिन्न कक्षाओं का उद्घाटन



**धनबाद।** भवन प्रमंडल धनबाद की ओर से शनिवार 29 जुलाई को राजकीयकृत मध्य विद्यालय, मुनीडीह प्रोजेक्ट में डीएमएफटी मद से निर्मित विभिन्न कक्ष का उद्घाटन सांसद पीएन सिंह और विधायक राज सिन्हा ने किया. इनमें इंट्रीगेटेंड लैब, आर्ट क्राफ़्ट म्यूज़ियम रूम, कम्प्यूटर रूम, लाइब्रेरी, क्लासरूम ऑडिटोरियम, किचन हॉल निर्माण, पार्किंग स्टैंड, रिचार्ज पिट, हैंड वॉश यूनिट और तीन पुराने भवन का मरम्मत निर्माण कार्य भी शामिल है. मौके पर नितिन भट्ट, सुरेश महतो, रमेश सिंह, विकाश मिश्रा, गुड्डू वर्मा, राहुल सिंह, सदानंद वर्णवाल, अखिलेश सिंह, दीपक सिंह चौधरी, संतोष पासवान, सुनील पांडेय व विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे.

# इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में गुवा के बच्चों ने लहराया परचम




**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** कोलकाता के सुभाष चंद्र बोस इंडोर स्टेडियम में चल रहे दो दिवसीय इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप के पहले दिन गुवा की कराटे टीम ने चार सिल्वर व चार कांस्य पदक जीता. ज्ञात हो कि कोलकाता के सुभाष चंद्र बोस इंडोर स्टेडियम में इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन 29 जुलाई से 30 जुलाई तक किया जा रहा है. इसमें गुवा से 14 बच्चों ने भाग लिया है. यह प्रतियोगिता शनिवार सुबह 9:00 बजे से रात 10:00 बजे तक चला. प्रतिभागियों ने भाग लिया है. प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में सऊदी अरब के ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट अल्लाश्री मोहम्मद, जापान कराटे फेडरेशन चेयरमैन ऑफ जेकेएफ सेंसई कोच्चि शिमुरा, कॉनसल जनरल ऑफ चाइना जहां लियू, एजुकेटिव मेंबर ऑफ एशियन कराटे फेडरेशन के भरत शर्मा उपस्थित थे. गुवा महिला समिति द्वारा संचालित लक्ष्मी मार्शल आर्ट अकादमी की कराटे ट्रेनर थर्ड ब्लैक बेल्ट डन के द्वारा बच्चों को कराटे की ट्रेनिंग दी जा रही है. बच्चों के उम्दा प्रदर्शन कर बच्चों ने गुवा का नाम रोशन किया है. खबर की सूचना पर बच्चों के माता-पिता काफी गौरवान्वित है. तथा बच्चों को हौसला बढ़ाते हुए जीत हासिल कर वापस लौटने का आशीर्वाद प्रदान किया.

### टाटा स्टील फाउंडेशन की महिलाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**चाईबासा।** नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा पश्चिमी पंचायत भवन में टाटा स्टील फाउंडेशन के दिशा कार्यक्रम भाग ले रही महिलाओं द्वारा आज रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया. इस दौरान समूह की महिलाओं ने पश्चिमी पंचायत भवन में अनयंत्र जहां तहां फैली गंदगी कि साफ-सफाई कर एक जगह कूड़े को जमा कर उसे जलाकर नष्ट किया. स्वच्छता अभियान के दौरान दिशा कार्यक्रम के ट्रेनर संगीता नायक व तुलसी नायक ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि साफ सफाई नहीं होने की वजह से विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है. इसलिए हम सब मिलकर स्वच्छता अभियान के तहत अपने गली मोहल्ले को साफ सुथरा रखें.

# मनोहरपुर में डीआरएम ने किया स्टेशन का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम अरुण जाटव राठौड़ ने रविवार को मनोहरपुर स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया. विदित हो कि छह अगस्त रविवार को मनोहरपुर रेल परिसर में आयोजित अमृत भारत कार्यक्रम के तहत पीएम मोदी द्वारा रेल परियोजना से जुड़े महत्वकांक्षी योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास कार्यक्रम का उद्घाटन होगा. इस रेल परियोजना के तहत रविवार को डीआरएम एजे राठौड़ ने स्थल का निरीक्षण किया. उन्होंने इसके लिए रेल क्रासिंग मनोहरपुर के समीप गणेश मैदान परिसर का चयन किया. मौके पर मौजूद सीकेपी रेल मण्डल के आलाअधिकारियों एवं स्थानीय अधिकारियों के संग डीआरएम एजे राठौड़ ने बैठक कर इस संबध में कई दिशा निर्देश भी दिए. साथ ही आयोजन स्थल की रूपरेखा तैयार करने को कहा. जिसका मुख्य उद्देश्य रेल प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों को रेल से संबधीत परियोजनाओं के बारे अधिक से अधिक आम लोगो को भी जानकारी देना है. रेल प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों समेत क्षेत्र के सांसद व विधायक को भी आमंत्रित किया जाना है.

# झरिया में निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर

**धनबाद।** मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा और झरिया समृद्धि शाखा की ओर से जयपुर के श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से 5 और 6 अगस्त को श्री श्याम प्रभु भवन लाल बाजार में निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा. ये जानकारी मारवाड़ी युवा मंच के उपाध्यक्ष रवि अग्रवाल ने रविवार 30 जुलाई को एक प्रेस-कॉन्फ्रेंस कर दी. उन्होंने बताया कि उम्र के लोगों का कृत्रिम उपकरण के लिए पंजीकरण किया जाएगा. कृत्रिम उपकरण के पंजीकरण के लिए अब तक 25 से अधिक लोग फार्म भर चुके हैं. पंजीकरण की अंतिम तिथि 1 अगस्त है. रवि अग्रवाल ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस शिविर से लाभ मिले, इसके लिए सभी पार्षदों से लेकर सोशल मीडिया में प्रचार प्रसार किया जा रहा है.



## धोबनी गांव के नहर में मिला महिला का शव

**जमशेदपुर।** घाटशिला थाना क्षेत्र के कालीचिती पंचायत अंतर्गत धोबनी गांव स्थित नहर के पुलिया पर एक अज्ञात महिला का शव रविवार को पुलिस ने बरामद किया. समाजसेवी काली राम शर्मा की मदद से पुलिस ने नहर से शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल घाटशिला भेज दिया. अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने सड़ी गली शव को देख संदेहास्पद होने के कारण जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. इस संबंध में घाटशिला थाना के एसआई घनश्याम कोड़ा ने बताया कि शव को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कम से कम तीन-चार दिन पहले नहर में डूब गई होगी. शरीर फुला हुआ है साथ ही काफी दुर्गंध आ रही है. अज्ञात महिला का शव पानी में देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. आसपास के थाना क्षेत्र में किसी महिला की गुमशुदगी की सूचना भी किसी ने नहीं दी है. प्रथम द्दष्टया अंदाजा लगाया जा रहा है कि नहाने के क्रम में महिला डूब गई होगी.

## वरिष्ठ संस्कृत शिक्षक डॉ केके ठाकुर का निधन

**धनबाद।** एफसीआइएल सिंदरी के पूर्व संस्कृत शिक्षक सह प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत ठाकुर का निधन रविवार 20 जुलाई की सुबह लगभग ग्यारह बजे ह्रदयाघात से हो गया है. उन्हें असर्फी अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में उन्होंने अंतिम सांसें ली. असर्फी अस्पताल के चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित किया. उनकी अंत्येष्टि सुल्तानगंज में 31 जुलाई को की जाएगी. डॉ केके ठाकुर विद्यापति परिषद सिंदरी के संरक्षक भी थे. सिंदरीवासियों में उनके प्रति अपार स्नेह था. विद्यापति परिषद सिंदरी के महासचिव चंद्रशेखर झा ने इसे अपूरणीय क्षति बताया है. वहीं सिंदरी चैंबर ऑफ कामर्स कोषाध्यक्ष दिलीप रिटोलिया व लायंस क्लब सिंदरी के क्लब एडमिनिस्ट्रेटर प्रशांत पाण्डेय ने उन्हें सिंदरी का धरोहर बताते हुए श्रद्धांजलि दी है. स्व डॉ केके ठाकुर अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र धीरज व फणीन्द्र, एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं.

## धनबादः सांसद ने डिजिटल अल्ट्रा सोनोग्राफी मशीन का किया उद्घाटन

**धनबाद।** मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट झरिया द्वारा संचालित मातृ सदन में रविवार 30 जुलाई को डिजिटल अल्ट्रा सोनोग्राफी मशीन की विधिवत शुरूआत हुई. मशीन का उद्घाटन सांसद पशुपति नाथ सिंह, पूर्व सम्मेलन अध्यक्ष रतन लाल अग्रवाल, जय प्रकाश देवरालिया और वर्तमान अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काट कर व नारियल फोड़ कर किया. सांसद ने कहा कि मारवाड़ी समाज स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में जन सेवा कार्य में वर्षो से लगा हुआ है. इसी कड़ी में समाज ने डिजिटल अल्ट्रा सोनोग्राफी मशीन लगाया है. ताकि मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़े. इस अवसर पर अस्पताल के मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया.

## पर्यावरण व जल सरंक्षण को करें पौधरोपण : पूनम

**बोकारो।** वन विभाग की ओर से नावाडीह प्रखंड के उग्रवाद प्रभवित क्षेत्र उपरघाट के पोखरिया पंचायत अंतर्गत कुजुबेड़ा गांव में 30 जुलाई को 74 वां वन महोत्सव मनाया गया. इस दौरान सड़क किनारे 50 हेक्टयर भूमि पर पचास हजार पौधा लगाने की शुरूआत की गई. प्रखंड के प्रमुख पूनम देवी, उप प्रमुख हरिलाल महतो, कुमारी खुशबू, मुखिया जयंती देवी, पंसस कालेश्वर महतो, परिषद प्रभारी अजीत मुर्मू, वनपाल दुर्गा हेंब्रम वन समिति के अध्यक्ष खिरोधर महतो ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया. मौके पर प्रमुख पूनम देवी ने कहा कि बढते जनसंख्या व प्रदूषण से मौसम का संतुलन बिगड़ गया है. कोरोना के कारण पूरा देश में संकट था. लेकिन झारखंड में जंगल झाड़, जड़ी-बूटियों के भरमार से कोरोना का असर कम रहा. इसलिए प्रर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए हर मनुष्य अपने विवाह समारोह, जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ आदि खुशी के मौके पर एक पेड़ लगाकर उसकी रक्षा करने का संकल्प लें.

**लोगों में खुशी** | करमाटांड़ से लोधी वाया चैलियाटांड़ तक 17 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

# विधायक ने सड़क का किया शिलान्यास




**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने प्रखंड के करमाटांड़ से लोधी वाया बासोबाद व चैलियाटांड़ सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास 30 जुलाई रविवार को किया. सड़क का निर्माण पीएमजीएसवाई (तीन) के अंतर्गत 17 करोड़ रुपए की लागत से होगा. सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गई है. पिछले कई वर्षों से इसके सुदृढ़ीकरण की मांग की जा रही थी. विधायक डॉ महतो ने कहा कि पूरे गोमिया विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पुल व पुलिया का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है. इस सड़क के सुदृढ़ीकरण से ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी. काई भी इलाका सड़क, पुल व पुलिया से अछूता नहीं रहेगा. उन्होंने कहा कि 88 करोड़ रुपए की लागत से गझंडी से हुरलुंग वाया चतरोचट्टी तक व 84 करोड़ रुपए की लागत से रजरप्पा स्थित मां छिन्मस्तिका मंदिर से ललपनिया वाया बड़कीपुनु तक पथ का निर्माण किया जाएगा. मौके पर जिप सदस्य विमला देवी, पूर्व प्रमुख गुलाबचंद हांसदा, विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार, केरी मुखिया सोनाराम मुर्मू, पूर्व मुखिया विद्या देवी, पंसस यसवंत कुमार, पूर्व पंसस एनुल अंसारी व राजू महतो, गंदौरी राम, मो मोवाइड अंसारी, मो परवेज, मो मोइन, अकबर अंसारी, हब्बीबुल्लाह उर्फ चैता, जगदीश महतो, बुधन रविदास, चंद्रिका रविदास, बालेश्वर साव,आलम अंसारी आदि उपस्थित थे.

### रामगढ़ में सहायक आयुक्त उत्पाद को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी

# नामी ब्रांडेड शराब की बोतलें, नकली होलोग्राम, क्यू आर कोड-लेबल जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड व उनकी टीम द्वारा गोला थाना के पुलिस बल के साथ गोला थाना अंतर्गत बंदा बाजारटांड़ क्षेत्र में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम द्वारा बड़ी संख्या में अरुणाचल प्रदेश में बिकने वाली शराब की बोतलें, झारखंड में बिकने वाले नामी ब्रांड की शराब की खाली बोतलें, नकली होलोग्राम, क्यूआर कोड व लेबल आदि जब्त किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड ने बताया कि उनके द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर गोला थाना के सहयोग से बन्दा बाजार टांड क्षेत्र में छापेमारी की गई। इस दौरान एक व्यक्ति के घर से बड़ी संख्या में अरुणाचल प्रदेश में बिकने वाली शराब ब्लैक हॉर्स, नाइटगर्ल, झारखंड में बिकने वाले नामी ब्रांड की खाली बोतलों, नकली होलोग्राम, सील, क्यूआर कोड व होलोग्राम आदि जब्त किया गया। गोंड द्वारा बताया गया कि स्थल पर सस्ती शराब को महंगी शराब की खाली बोतलों में भरकर नकली होलोग्राम, सील व लेबल लगाने के उपरांत बाजार में उतारने का कार्य किया जा रहा था। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि इस संबंध में विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि शराब की बोतलों पर क्यूआर कोड अंकित होता है। अगर किसी व्यक्ति द्वारा क्यूआर कोड को अपने मोबाइल फोन से स्कैन किया जाए तो शराब के असली होने की जानकारी प्राप्त होती है पर नकली होलोग्राम पर अंकित क्यू आर कोड को स्कैन करने पर या तो क्यूआर कोड स्कैन नहीं होगा अथवा एरर का संदेश प्राप्त होगा।



### बरकट्ठा : मेंटेनेंश को लेकर आज 11 से 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा और पदमा पावर स्टेशन की 33 केवीए मेंटेनेंस को लेकर सोमवार को 11 से 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी बरही सहायक विद्युत अभियंता सत्य देव कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में विद्युत सुचारू रूप से लोगों को मिले इसके लिए सोमवार को 11 से 4 बजे शाम तक बरकट्ठा और पदमा ब्लॉक के 33 केवी मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इसलिए बरकट्ठा और पदमा में पांच घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### चौपारण : सोना चांदी के व्यवसायी का अपहरण लूटपाट कर जंगल में छोड़ा



**बरही।** चौपारण ब्लॉक मोड़ स्थित मूर्ति मार्केट के मालिक बालेश्वर लाल बर्णवाल को रविवार सुबह साढ़े सात बजे के करीब उनके घर के पास से अगवा कर लिया गया. बाद में उन्हें भलुआ जंगल के समीप आंख पर तौलिया बांध कर सड़क पर छोड़ दिया गया. उन्होंने पुलिस से संपर्क किया और मामले की जानकारी दी. बालेश्वर लाल बर्णवाल सोना-चांदी के व्यवसायी हैं. घटनाक्रम के बारे में भुक्तभोगी व्यवसायी ने बताया कि वो अपने घर के बाहर खड़े थे, इसी बीच एक बोलेरो जो सामने ही एक खीरमोहन के दुकान के पास पहले से ही रुका था, मेरे पास आ कर रुका और किसी का पता पूछने लगा. मेरे आगे बढ़ जाने के बाद वे लोग फिर पीछे से आ कर पता पूछने लगे. फिर मुझे पते वाली जगह तक पंहुचा देने का आग्रह करते हुए मुझे गाडी में बैठा लिया. व्यवसायी ने कहा कि मेरे बोलेरो मैं बैठते की अंदर सवार एक व्यक्ति ने रिवॉल्वर सटाकर चेहरा गमछा से बांध दिया और मुझे दनुआ घाटी के तरफ ले जाने लगा. गाडी में मुझसे सोने की अंगूठी, सोने का चेन, मोबाइल, चश्मा, एटीएम, 2000 नगद और पर्स छीन लिया गया और मुझे घाटी के जंगल में आंख पर पट्टी बांध कर गाड़ी से उतर दिया. बालेश्वर लाल बर्णवाल ने कहा कि होटल वाले का मोबाइल से पुलिस को सूचित किया. पुलिस के आने के बाद मुझे घर तक छोड़ा गया. व्यवसायी ने थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ आवेदन देकर उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है.

### कटकमसांडी में वज्रपात से महिला की मौत

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड के उरीदिरी गांव में आज रविवार को वज्रपात से एक महिला की मौत हो गयी. मृतिका रीता देवी के पति गणेश यादव ने बताया कि खेत जाने के दौरान अचानक बारिश होने लगी. पानी से बचने के लिए रीता देवी पेड़ के नीचे खड़ी हो गयी. इसी दौरान पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरा. जिससे रीता देवी का पूरा शरीर झुलस गया. आनन-फानन में उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है. स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है.

### पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका में सम्मान समारोह का आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद, प्रिंसिपल दिनेश कुमार भारती ,प्रबंधक निदेशक वीरेंद्र प्रसाद ,प्रबंधक राजेश कुमार यादव एवं अभिभावकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया ।वहीं दसवीं कक्षा से प्रथम मनीषा कुमारी,द्वितीय मुस्कान खातून ,तृतीय स्थान शाहजहां खातून। आठवीं में प्रथम अनु कुमारी,द्वितीय परमानंद प्रसाद, तृतीय स्थान रिया मंडल। सातवीं में प्रथम अनिल कुमार, द्वितीय चंदन कुमार,तृतीय स्थान हसनैन अंसारी। छठी में प्रथम सूरज राना ,द्वितीय गुलाम मुस्तफा, तृतीय स्थान मोनु कुमार। पांचवी में प्रथम श्वेता कुमारी, द्वितीय सूरज कुमार, तृतीय स्थान कुलसुम खातून। चौथी कक्षा से प्रथम शिल्पी कुमारी ।द्वितीय आयुष कुमार, तृतीय स्थान पलक कुमारी । तीसरी कक्षा से प्रथम प्रियांशु कुमार राज, द्वितीय आनंद कुमार, तृतीय स्थान अभिजीत गोस्वामी। दूसरी में प्रथम सिद्धांत कुमार, द्वितीय राधिका कुमारी ,तृतीय स्थान सत्यम कुमार राज। कक्षा प्रथम में प्रथम पवन कुमार, द्वितीय प्रिंस कुमार, तृतीय स्थान साहेब अंसारी ने प्राप्त की ।अन्य सभी कक्षा के प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को पुरस्कृत करने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है ।हम सदैव अपने बच्चों को सही मार्ग दिखाने का प्रयास करते हैं ताकि आगे जाकर वे एक बेहतर नागरिक बनकर बेहतर राष्ट्र का निर्माण कर सकें। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक , शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### रामगढ़ में मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर होगा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**रामगढ़।** रविवार को ग्राम पंचायत बलकुदरा की झामुमो पंचायत समिति की बैठक फुटबॉल ग्राउंड रिचीबंधा नया टोला में की गई. जिसकी अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष सुनील मुंडा और संचालन सचिव सनी मुंडा ने किया. बैठक में मुख्य रूप से झामुमो के युवा नेता योगेंद्र यादव उपस्थित हुए. जिसमें चर्चा किया गया कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री सह झामुमो कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के 48वें जन्मदिवस के शुभ अवसर पर हर साल की तरह इस वर्ष भी ग्राम पंचायत बलकुदरा में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 10 अगस्त से शुरू किया जाएगा. इस अवसर पर हेमंत सोरेन के जन्मदिन पर केक काटकर फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरूआत की जायेगी. फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच 15 अगस्त को खेला जायेगा. फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन में पुरुषों की 16 टीम और महिलाओं की 4 टीम को शामिल किया गया है. बैठक में मनोज महली, रामजतन यादव, अनिल मुंडा, नरेश मुंडा, अरविंद यादव, सुभाष यादव, बिक्की महली, आनंद मुंडा, शुभम मुंडा, सुकेश मुंडा, बबलू मुंडा, संजीत मुंडा, अजय मुंडा,अशोक उरांव, विष्णु उरांव, रूपेश मुंडा, शशि यादव, अमर मुंडा, अनुज यादव, रौनक यादव, आशीष यादव, धूरप मुंडा इत्यादि लोग उपस्थित हुए.

### पूर्व विधायक ने बरकट्ठा व चलकुशा प्रखंड का किया दौरा

## ग्रामीणों ने समस्याओं से कराया अवगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत्त बरकट्ठा व चलकुशा प्रखण्ड में एक हाथी ने उत्पात मचाकर ग्रामीणों के बीच दहशत फैला दिया है। दर्जनों गाँव के दर्जनों घर को ध्वस्त कर दिया है, कई घरों में गेट को तोड़ दिया है। वहीं घर में रखे मकई, मंडुआ, धान, चावल इत्यादि को चट कर गया। हाथी ने चलकुशा प्रखण्ड अंतर्गत पंदना टांड,पलमा,जमसोती, मनैया व बरकट्ठा प्रखण्ड के सिमरिया, बरकनगांगो के दर्जनों घरों को तोड़ा, लोग हाथियों के आतंक से भय में जी रहे हैं। एक तरफ मौसम के बेरूखी से सूख रहे बिहीन व



सूख रहे खेत से किसान चिंतित हैं ही, वहीं हाथी के आतंक ने एक और परेशानी बढ़ा दी है। दूसरी ओर चलकुशा के दर्जनों गाँव मे ट्रांसफार्मर जले पड़े हैं, बिजली विभाग की लापरवाही के कारण रात के अंधेरे का लाभ लेकर हाथी उन्ही गावों में प्रवेश कर भयानक रूप से छति कर रहा है। उक्त बातें पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने हाथी द्वारा क्षतिग्रस्त गाँवों के भ्रमण के दौरान कही। उन्होंने बिजली विभाग को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब बिजली विभाग को जले हुए ट्रांसफार्मर बदलने को कहा जाता है तो पन्द्रह दिनों से कल बदल देंगे, कल बदल देंगे का बहाना बनाकर झूठा आश्वासन दिया जाता है। मनैया पंचायत इसका जीता जागता उदाहरण है। यहाँ तक की जमसोती गाँव का दोनों ट्रांसफार्मर जला हुआ है और ट्रांसफार्मर कल बदल दिया जायेगा। पंद्रह दिनों से कल बिजली विभाग का नहीं आया । हजारीबाग के जीएम भी फेल हो चुके है। विद्युत विभाग की लापरवाही, वन विभाग की लापरवाही और सुखाड़ क्षेत्र घोषित नहीं किये जाने को लेकर जनता गोलबंद हो रही है। बहुत जल्द इन्हीं सवालों को लेकर आंदोलन किया जायेगा।

## रामगढ़ में भाकपा माले व आदिवासी संगठनों ने निकाला विरोध मार्च




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मणिपुर घटना के विरोध में आज रविवार को भुरकुंडा जनता टॉकीज के सामने भाकपा माले व आदिवासी संगठनों ने प्रधानमंत्री व मणिपुर के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया. इस दौरान मणिपुर सरकार को अविलंब बर्खास्त करने की मांग की गयी. कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा माले के सचिव नरेश बड़ाईक ने किया. उन्होंने फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रायल करा कर इस घटना के दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की. पुतला दहन से पूर्व मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हुई घटना के विरोध में मतकमा चौक से जनता टॉकीज तक विरोध मार्च निकाला गया. इस दौरान आक्रोशित आदिवासी महिलाओं ने कहा कि मणिपुर की घटना इंसानियत को शर्मसार करने वाली है. सरकार को इसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकना चाहिए. वहीं, अन्य लोगों ने कहा कि विभिन्न राज्यों में आदिवासी, दलित व महिलाओं के साथ हो रहे अपराध व अत्याचार को अविलंब बंद हो.

### अखंड कीर्तन में शामिल हुए पूर्व विधायक

**बरही ।** प्रखंड परिसर स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित अखंड कीर्तन में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर बाबा भोले से आशीष लिया. साथ ही आयोजको को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी. उन्होंने बताया कि कलियुग में ईश्वर से मिलने का एकमात्र मार्ग भक्ति है. बाबा भोलेनाथ भक्तवत्सल है और भक्तो के ऊपर उनकी सदैव कृपा होती है. उन्होंने बताया कि भक्तिभाव से की गई पूजा कभी व्यर्थ नहीं जाता है. मौके पर राम लक्ष्मण और राधा कृष्ण के आकर्षक रूप धारण किए नौनिहालों के साथ तस्वीर भी खिंचाई. साथ ही इस आकर्षक सज्जा के लिये उनका मनोबल भी बढ़ाया. उन्होंने कहा बच्चे भगवान के रूप होते है. इनकी छवि भगवान की छवि होती है. उन्होंने अभिभावकों से बच्चो को सही मार्गदर्शन तथा उचित ज्ञान देने की अपील किया.

### बूथ नं.50 पर सुनी गई पीएम मोदी का मन की बात



**रामगढ़।** देश भर में अंतिम रविवार को सुनी जाने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 103वां संस्करण रामगढ़ जिले के सभी शक्तिकेंद्रों पर 30 जुलाई को सुना गया। इसी क्रम में वार्ड न.6 के अंतर्गत बूथ न.49,50,51 के बूथ अध्यक्षों ने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय में इस कार्यक्रम को उनकी उपस्थिति में सुना गया। मौके पर कुंटू बाबू ने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम के अंतर्गत कठिन परिस्थितियों में भी जनता के सहयोग और सैनिक एवं अर्धसैनिक बलों की ताकत से देश को आगे बढ़ाने का कार्य जारी रहेगा। कुंटू बाबू कहा की प्रधानमंत्री ने अमरनाथ गुफा एवं स्वामी विवेकानंद का जिक्र कर देश की हजारों वर्ष पुरानी सनातन संस्कृति और उसकी प्रमाणिकता की ओर इशारा करते हुए अंतरराष्ट्रीय जगत में हमारी आस्था का बढ़ता दायरा भी बताने की कोशिश किया जो कबीले तारीफ थी। इस अवसर पर बूथ न.50 के अध्यक्ष सह जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, अरविंद सिंह, सुरजीत सिंह छाबड़ा, मुन्ना खटीक, मणिशंकर ठाकुर, मनोज आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### भाजपा सदस्यों ने मन की बात सुनी



**रामगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम रविवार को भाजपा जिला महामंत्री रंजन फौजी के नेतृत्व में बूथ संख्या 44 पर भाजपाईयों ने सुनी. इस मौके पर रंजन फौजी ने कहा की प्रधानमंत्री के मन की बात सुन लोग प्रेरित हुए. मौके पर बूथ अध्यक्ष रवि सिंह, कैंट मंत्री अजीत गुप्ता, तपन चक्रवर्ती, राजू गुप्ता, जोहार राय, फैजुद्दीन अहमद, शैलेंद्र राय उपस्थित थे.

### दुष्कर्मी को बचा रही है पुलिस, पीड़िता प्राथमिकी के लिए दो दिन से है परेशान : रमेश ठाकुर

# ग्रामीणों ने थाना का किया घेराव, पुलिस पर लगाया आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद और समाजसेवी भगवान केसरी के नेतृत्व में धनवार के सैकड़ो ग्रामीण न्याय की मांग के साथ थाना का घेराव करने पहुंचे. भाजपा नेता का आरोप था कि बरही पुलिस न्याय को छोड़ अन्याय का साथ दे रही है. राजनीति दवाब में दुष्कर्मी को बचा रही है वही पीड़िता के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसके पुत्र को जेल भेज दिया है. मामले के संबंध में धनवार मुखिया ने बताया कि धनवार निवासी अनिता केसरी पति राजू प्रसाद केसरी के साथ 25 जुलाई को दुधपनिया के दो युवकों ने दुष्कर्म किया. पीड़िता ने इसकी लिखित सूचना महिला थाना सहित इंस्पेक्टर को भी दिया. बाबजूद थाना से अब तक कोई करवाई नही हुई. बल्कि दुष्कर्मियों के झूठे आरोप पर पीड़िता के विरुद्ध एससी एसटी का मामला दर्ज कर पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया. दुष्कर्मियों की गिरफ्तारी और बेगुनाहों की रिहाई की मांग की जा रही थी. सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार और महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी थाना पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बात किया. दर्ज हुई प्राथमिकी, उचित अनुसंधान का आश्वासनः इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित सिंह ने महिला थाना प्रभारी से पूरी जानकारी लिया. मामले के संबंध में महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी ने बताया कि पीड़िता की ओर से अब तक कोई आवेदन मिला है. आवेदन मिलने पर उचित करवाई किया जाता. मौके पर प्राप्त आवेदन को पर इंस्पेक्टर ने महिला थाना प्रभारी को उचित कारवाई करते हुए 164 के बयान दर्ज करवाने का निर्देश दिया. साथ ही मामले पर त्वरित अनुसंधान करने की बात कही.

**क्या है आरोप :** पीड़िता के आवेदन के आधार पर बीते 25 जुलाई की सुबह शौच जाने के क्रम में दुधपनिया निवासी राहुल अंबेदकर और लक्ष्मण रविदास ने पीड़िता के साथ बारी बारी से दुष्कर्म किया गया. उसका कपड़ा फाड़ दिया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी. लोक लाज की डर से इसकी जानकारी किसी को नहीं दे पाई. बहुत हिम्मत करने के बाद यह जानकारी गांव वालो को देते हुए 28 जुलाई को थाना को सूचना दिया. परंतु अब तक कोई कारवाई नही हुई.

**दर्ज हुई प्राथमिकी :** पीड़िता के आवेदन के आधार पर आरोपियों के खिलाफ महिला थाना में मामला दर्ज किया जा चुका है. जानकारी



के अनुसार दोनो नामजद के खिलाफ आईपीसी की धारा 376, 511, 354(बी), 323, 341, 506, 34 के तहत कांड संख्या 12/23 दर्ज करते हुए एएसआई सीमा हेंब्रम को आईओ नियुक्त किया गया है.

**क्या कहते है आरोपी :** मामले के संबंध में नामजद लक्ष्मण रविदास ने बताया कि मामला मनगढ़ंत है, जो जमीनी विवाद से संबंधित है. कुछ दिन पहले अहले सुबह उक्त महिला सहित कुछ लोग राहुल अंबेदकर के घर पर पथराव कर उसके जमीन की बाउंड्री तोड़ने का काम कर रहे थे . जिसमे वेलोग घायल हो गए. इसकी सूचना थाना को भी दी गई. थाना प्रभारी के निदेर्शानुसार पुलीस पहुंचकर उचित कारवाई करते हुए भीड़ को हटाया गया. उचित न्याय के लिए थाना को आवेदन दिया गया. जिस पर करवाई करते हुए पुलिस ने एक की गिरफ्तारी कर जेल भेजा है. आक्रमणकारियों का आरोप था कि बाउंड्री उनके जमीन पर बनाई गई.

### बरही में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष ने प्रशासन सहित प्रबुद्धजनों को दिया बधाई



**बरही।** त्याग और बलिदान का त्योहार मुहर्रम बरही प्रखंड में शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा ने प्रशासन सहित प्रबुद्धजनों को बधाई दी है. उन्होंने कहा कि खेद है कि कुछ लोगो ने बरही के शांति और अमन को ठेस पहुंचाने का नापाक प्रयास किया. बरही की जनता ने उस नापाक इरादों को दरकिनार करते हुए आपसी सहयोग के साथ मुहर्रम संपन्न करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इसके लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन सहित समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों की सूझ बूझ और प्रयास काबीले तारीफ रहा है. बरही के शांति व्यवस्था को रखने के लिए रात भर अपने कर्तव्य का निर्वहन करने वाले एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, बीडीओ सी आर इंदीवर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, सीआई सतीश कुमार,बीपीएम दीपक कुमार आदि अधिकारियो का सहित शांति व्यवस्था में लगे तमाम पुलिसकर्मियों का अभार व्यक्त किया है

# मुहर्रम पर्व को लेकर शहर में निकली शोभायात्रा, उमड़ी भीड़

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** हजरत इमाम हुसैन की शहादत में मनाया जाने वाला पर्व मुहर्रम सिमडेगा में शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। सिमडेगा शहर में मोहर्रम पर्व पर सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के बैनर तले भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शिरकत किया। इस दौरान करतबबाजों ने अपने खेल के प्रदर्शन से लोगों को दांतो तले अंगुली दबाने पर मजबूर कर दिया। मौके पर विभिन्न अखाड़ों के द्वारा अलग-अलग दल के साथ कुल 6 दलों की मोहर्रम जुलूस शहर में निकली जिसकी अगवानी सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के द्वारा की गई। वही लोगों ने परंपरागत हथियारों का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को मुग्ध कर दिया। जुलूस में शामिल लोग हजरत ईमाम हसन-हुसैन की याद या हसन, या हुसैन या अली, कर्बला दूर है, जाना जरूर है.. आदि नारे लगा रहे थे। मुहर्रम के मौके पर अकीदतमंदों ने रोजा भी रखा। मगरीब अजान के बाद अकीदतमंदों ने रोजा खोला। भट्टीटोली, नीचे बाजार, महावीर चौक पर मिलान हुआ। वही वहां से सभी अखाड़ा एक साथ होकर चौक पहुंचे। जहां सभी



का मिलान एक साथ हो गया और काफी भीड़ हो गई। जहां बच्चों, नौजवानों व बुजुर्गों द्वारा परंपरागत हथियारों से एक से बढ़कर एक करतब दिखाए गए। विदित हो कि मुहर्रम जुलूस को लेकर जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पर्व के दौरान किसी प्रकार की कोई भी उन्माद ना फैले एवं शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर एसडीओ महेंद्र कुमार एसडीपीओ डेविड ए ढोढराय, प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमडेगा अंचलाधिकारी सिमडेगा अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक , थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जय गोविंद गुप्ता एवं पुलिस बल के साथ डटे रहे। वहीं विभिन्न चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों पर भी दंडाधिकारी और पुलिस के जवान तैनाती किए गए थे। इधर जुलूस के दौरान किसी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना ना हो जिसे ध्यान में रखते हुए विद्युत विभाग सिमडेगा द्वारा दोपहर 2:30 बजे से रात तक विद्युत आपूर्ति शहर सहित पूरे जिले भर में बंद कर दी थी ताकि जुलूस में किसी प्रकार की कोई भी अनहोनी घटना ना हो।इधर मोहर्रम पर्व को सफलतापूर्वक सफल करने के लिए मोहम्मद शमीम फौजी, मोहम्मद मन्नान खान, मन्नान खान, मोहम्मद इकबाल संरक्षक,अध्यक्ष मोहम्मद सफीक खान, उपाध्यक्ष सज्जाद अंसारी एवं सलमान खान,सचिव अजीमुल्लाह अंसारी,सह सचिव मोहम्मद अनस, उप सचिव इबरार साहब, कोषाध्यक्ष अलाउद्दीन खान सदस्य फैजान,जुनैद, नसीम खान, सलीम, अबूतला, तालिब मोहम्मद यासीन, नसीम खान, गुल फराज खान , रोशन जमीर, साहिल खान, तबरेज अब्दुल गफ्फार आदि लोगों की अहम भूमिका रही।

## पोगलोया जीईएल चर्च में आयोजित बैठक में शामिल हुए पूर्व मंत्री

**कोलेबिरा।** झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री रहे एनोस एक्का रविवार को क्षेत्र दौरा के दौरान कोलेबिरा के जीईएल पोगलोया चर्च में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मंत्री के आगमन पर हर्षोल्लास के साथ ग्रामीणों ने माला पहनाकर तथा ढोल नगाड़े की ताल में उनका स्वागत किया गया मौके पर युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का, बाबूराम लकड़ा, नुवेल हेरेंज, आशीष सिंह, ध्यानचंद तोपनो, मलाकि डाँग उपस्थित रहे। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री ने कहा किसी भी क्षेत्र का विकास तभी संभव है जब वहां के जनता के प्रति जनप्रतिनिधि सजग लेकिन इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सोया हुआ है जिसकी वजह से आप का विकास नहीं हो पा रहा है आज भी क्षेत्र में मूलभूत समस्याओं की कमी है ।इसे नजरअंदाज करते हुए सत्ता का सुख भोगने में जनप्रतिनिधि मस्त है। झारखंड पार्टी माटी की पार्टी है और हमेशा लोगों से जुड़ कर काम किया है और लगातार काम कर रही है चाहे बिजली हो सड़क हो पानी हो सभी चीजों को प्राथमिकता के तौर पर दूर करवाने का प्रयास जारी है उन्होंने इसी प्रकार झारखंड पार्टी का सहयोग करने की बात कही ताकि आगामी चुनाव में झारखंड पार्टी जीत दर्ज करें और लोगों का पूर्व की भांति सहयोग कर सकें।सन्देश एक्का ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## हॉकी इंडिया की जूनियर पुरुष-महिलाओं की टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन









नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** हॉकी इंडिया के द्वारा 21अगस्त 2023 से बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राउरकेला में भारतीय सब जूनियर महिला और पुरुष हॉकी टीम का राष्ट्रीय कैंप आयोजित किया जा रहा है इस कैंप में पुरुष वर्ग से झारखंड के तीन खिलाड़ी रोहित तिर्की, रोहित प्रधान और घूरन लोहरा तथा महिला वर्ग में झारखंड से 6 खिलाड़ी स्वीटी डुंगडुंग,जमुना कुमारी,पार्वती टोपनो,रोशनी आइंद,रजनी केरकेट्टा और पुष्पा डांग चयनित किए गए।रोहित प्रधान, घुरण लोहरा, जमुना कुमारी और स्वीटी डुंगडुंग सिमडेगा जिला के जबकि रोहित तिर्की भी हॉकी की शुरूवात सिमडेगा जिला से ही किया। रोहित प्रधान ठेठईटांगर प्रखंड के कुरुमदेगी गांव का , घूरन लोहरा जलडेगा प्रखंड के कोनमेरला का,स्वीटी डुंगडुंग ठेठईटांगर प्रखंड के कर्रा मुंडा गांव का तथा जमुना कुमारी केरसई प्रखंड के करगागुड़ी गांव के रहने वाले है।हॉकी इंडिया का महासचिव का पद संभालने के बाद भोला नाथ सिंह ने हॉकी के विकास के लिए कई नए कार्यक्रम की शुरूआत कराई है उसी प्रकार हॉकी इंडिया के इतिहास में उनके पहल से ही पहली बार सब जूनियर स्तर के महिला एवं पुरुष टीमों का राष्ट्रीय कैंप आयोजित किया जा रहा है और इस कैंप के माध्यम से भारतीय सब जूनियर टीम का गठन कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेलने का भी अवसर दिया जाएगा वह भी हॉकी इंडिया के द्वारा पहली बार किया जाएगा। इससे पूर्व हॉकी इंडिया के द्वारा सब जूनियर स्तर का सिर्फ राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित की जाती थी परंतु राष्ट्रीय कैंप का आयोजन नहीं किया जाता था और ना ही टीम अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेती थी। सिर्फ जूनियर एवं सीनियर टीमों का राष्ट्रीय कैंप आयोजित किए जाते थे और टीम अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेती थी ।ग्रास रूट से हॉकी को और अधिक आगे बढ़ाने के लिए हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह के इस सराहनीय पहल का हॉकी सिमडेगा के तमाम पदाधिकारी कोटि-कोटि स्वागत करते हैं ।साथ ही झारखंड के महिला एवं पुरुष कुल 9 खिलाड़ियों का इस राष्ट्रीय कैंप में चयनित किए जाने पर सभी खिलाड़ियों को हॉकी सिमडेगा के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## झुमरी तिलैया में कांवर पद यात्रा को लेकर श्रीराम संकीर्तन मंडल की बैठक आज

**झुमरी तिलैया ।** नगर की धार्मिक संगठन श्रीराम संकीर्तन मंडल की एक बैठक सोमवार को खुदरा पट्टी स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर मे संध्या 07 बजे से आहूत की गई है। इसमें आगामी 28 अगस्त अंतिम सोमवार को झरनाकुण्ड से ध्वजाधारी धाम तक निकलने वाली कांवर पद यात्रा की रूप रेखा पर चर्चा होगी। यह जानकारी श्रीराम संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष मुन्ना भदानी सचिव अरविन्द चौधरी ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने मंडल के सभी सदस्यों और पदाधिकारियो के साथ-साथ धर्म प्रेमी बन्धुओं को बैठक मे समय पहुंचने का अनुरोध किया है।

## कुरडेग के लबडेरा में सर्पदंश से युवक घायल

**कुरडेग।** कुरडेग प्रखंड के लबडेरा निवासी सुभाष खड़ीया उम्र लगभग 20 वर्ष सर्पदंश से घायल हो गया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर के पास अपने खेत में काम कर रहा था। इसी बीच में घास निकालने के क्रम में किसी जहरीले सांप ने डंस लिया। परिजनों ने घटना की जानकारी कुरडेग उप प्रमुख अजय जयसवाल को दी। उप प्रमुख की सहायता से घायल व्यक्ति को परिजनों ने कुरडेग प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र लाये जहां डॉ प्रशांत कुमार बारिक ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिये सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिये चिकित्सक ने बताया कि फिलहाल मरीज की स्थिति खतरे से बाहर है।

## ट्रेन से उतरने के दौरान घायल युवती की हुई मौत

**ठेठईटांगर।** ट्रेन से उतरने के क्रम में पैर फिसलने से नीचे पटरी पर गिरने से घायल ठेठईटांगर निवासी ओलिभा केरकेट्टा पति प्रमोद केरकेट्टा की मौत इलाज के क्रम में हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओलिवर केरकेट्टा ठेठईटांगर निवासी दिल्ली से काम करके लौट रही थी राउरकेला स्टेशन पर उतरने के क्रम में पैर फिसलने सीधे ट्रेन एवं प्लेटफार्म के बीच में जो जगह बचता है, वहां गिर गइ जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई आरपीएफ पुलिस एवं रेलवे स्टाफ के द्वारा आर,जी,एच सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई इसकी सूचना थाना के माध्यम से परिवार को दिया गया, परिवार वालों ने प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज को घटना के बारे जानकारी दी ठेठईटांगर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज एवं गांव के कुछ प्रबुद्ध लोग एवं उनके परिवार जिनमें ओलिभा के पति प्रमोद केरकेट्टा एवं दोनो बेटियां समेत राउरकेला के लिए रवाना हुए एवं पार्थिव शरीर का पोस्टमार्टम कराकर डेड बॉडी लाने की प्रक्रिया में लगे हुए हैं।

## भाजपा नेताओ ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत शाहपुर पंचायत के कनजोगा ग्राम में विगत 3 महिना से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामीण काफी परेशान थें कही पर भी उनकी समस्या सुनी नही जा रही थी जिसका खामियाजा कनजोगा ग्राम वासियों को भुगतना पड़ रहा था । बिजली के समस्या से जूझ रहें कनजोगा के ग्रामीणों ने तंग आकर इसकी सूचना भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अशोक इंदवार और मंडल सांसद प्रतिनिधि चिंतमणी कुमार को दी तत्पश्चात कोलेबिरा विधान सभा के पुर्व प्रत्याशी सुजान मुंडा को समस्या से अवगत कराया । अनके प्रयास और सहयोग से रविवार को कनजोगा ग्राम में ट्रांसफार्मर लगाया गया ।

## सोगड़ा चर्च में मना संत इग्नासियुस लोयला पर्व

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सोगड़ा चर्च में रविवार को संत इग्नासियुस लोयला का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर पल्ली पुरोहित फा सिलबानुश केरकेट्टा की अगुवाई मिस्सा पूजा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा व पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी शामिल हुए। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि येसु समाज के संस्थापक संत इग्नासियुस लोयला के पद चिह्न पर चलते हुए येशु धर्म समाज का धर्मप्रांत में सेवा इतिहास स्वर्णीम है। धर्म समाज के फा. कार्डो व फा.



जोसेफ द्वारा 1901 में सिमडेगा के रेंगारिह मिशन की स्थापना के साथ किया गया था। सेवेकाई कार्य का रोपा गया बीज वर्तमान में विशाल वृक्ष बन चुका है। उन्होंने कहा वे सांसारिक मोह से बाहर निकल ईश्वरीय जीवन को अपना लिया। कार्य्रकम में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर फादर अब्राहम मिंज, फादर ओस्कर बेग, डिकन सुरेश जॉन तिर्की, सिस्टर मंजुला मिंज, लुसियन मिंज, निर्मला कुजूर, नीलिमा मिंज, समीर किंडो, किशोर मिंज, शशि भूषण मिंज, प्रतिमा कुजूर ,तारा खेस, अलविश बेग, अनिल तिर्की सहित काफी संख्या में मसीही धर्मावलंबी उपस्थित थे। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती। संत इग्नासियुस लोयला ने भी 33 वर्ष की उम्र में छोटे बच्चों के साथ बैठकर लैटिन पढ़ा। इसके बाद बीए, एमए व ईश शास्त्र की पढ़ाई पूर्ण कर 1537 में पुरोहित बने। पढ़ाई के दौरान ही संत फ्रांसिस जेवियर जैसे धार्मिक प्रवृति के विद्वान मित्र ने उन्हें प्रभावित किया।पुरोहित बनने के बाद 1540 में उन्होंने 11 साथियों से मिल कर येशु समाज का स्थापना किया

## लुटेरों ने ट्रक ड्राइवर से मारपीट कर ट्रक लेकर कर भागे

**सिमडेगा।** रांची राउरकेला मुख्य पथ एन एच 143 स्थित कोलेबिरा हाईवे में लुटेरों ने ट्रक लेकर हुए रफूचक्कर। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ट्रक बोकारो इलेक्ट्रोस्टील से स्क्रैप तार बंडल लेकर राउरकेला जा रही थी। इसी दौरान जब ट्रक जिसका नंबर खल09अट0187 कोलेबिरा छगरबन्धा पार कर घाटी पहुँचने से पहले एक छोटी कार से तीन लोग ओवरटेक कर ट्रक को रुकवाया एवं वे ड्राइवर को साहब से मिलने की बात करने लगें। जब ड्राइवर उनसे कहने लगा कौन से साहब से मिलना है, तभी उन तीनों लुटेरों ने ड्राइवर के साथ मारपीट करने लगे और ड्राइवर को पास के जंगल की ओर ले जाकर रस्सी से बांध वहीं छोड़ दिए।

## टिनगिना में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा/जलडेगा।** जलडेगा प्रखंड के टिनगिना में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को खेला गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मौजूद रहे। इस दौरान सिहरजोर एवं टिनगिना के बीच निर्णायक मैच खेला गया। इस मौके पर शानदार खेलते हुए सिहरजोर की टीम 2-0 से जीत दर्ज की। मौके पर विजेता एवं उपविजेता टीम को संदेश एक्का के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में कहा कि सिमडेगा खेल की नगरी के रूप में जाना जाता है और यहां के खिलाड़ी देश विदेश में जाकर अपना परचम लहरा रहे हैं झारखंड पार्टी का प्रयास रहा है कि क्षेत्र में खेल को बढ़ावा दें जब मेरे पिता राज्य में मंत्री थे तब हजारों हजार खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने का काम किया था झारखंड पार्टी का उद्देश्य रहा है कि सभी खेलों में क्षेत्र का विकास किया जाए ।उन्होंने कहा कि सभी लोग इसी प्रकार लग्न के साथ खेल को खेल भावना के साथ ही खेले ताकि यहां से आगे खेलते हुए देश विदेश में जाकर नाम रोशन कर सकें। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष बालेश्वर नाग उपाध्यक्ष दीपक डुंगडुंग, सचिव अनूप सोरेग, सदस्य विनोद कुल्लु, अनुज नाग, अजीत कीड़ों ,गणेश नाग वहीं इसके अलावा रवि बड़ाईक, आशीष सिंह, आकाश साहू ,गोसनर डांग, रंजीत एक्का, रसाल खलखो उपस्थित रहे।

## प्रगतिशील मगही समाज की बैठक में कमेटी गठित



**कोडरमा/मरकच्चो।** प्रगतिशील मगही समाज की एक बैठक मरकच्चो अंतर्गत गजामू में हुई। इसकी अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ शिक्षक बच्चू प्रसाद ने की जबकि संचालन केंद्रीय संयुक्त सचिव प्रमोद मेहता ने किया। बैठक में कोडरमा जिला कमेटी का गठन कर विस्तार किया गया। बसंत पासवान को जिला सचिव, वहीं संगठन सचिव विनोद यादव, कार्यालय सचिव राजेंद्र दास, वित्त सचिव वीरेंद्र यादव तथा संयुक्त सचिव अशोक कुमार साहू बनाये गए। वहीं पंच शाखा सचिव कृष्णा कुमार, सांस्कृतिक सचिव रामेश्वर राणा, आंदोलन सचिन महेश कुमार, जनसंपर्क सचिव विजय राणा, संयुक्त सचिव अशोक कुमार साहू, मगही महिला सचिव रिंपा देवी को बनाया गया। इस दौरान प्रगतिशील मगही समाज के संविधान के पालन करने के लिए पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए चतरा जिला सचिव जगदेव गुप्ता ने कहा कि प्रगतिशील मगही समाज के हित में अपने सब के प्रयास और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए आप लोगों को महती दायित्व दिया गया है। अब संगठन का विस्तार आप लोगों के कंधों पर है। मौके प्रगतिशील मगही समाज के युवा सचिव ने सभी नवनियुक्त कोडरमा जिला कमेटी के सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया। इस इस बैठक में बच्चू प्रसाद, प्रमोद मेहता, चतरा जिला सचिव जगदेव गुप्ता युवा सचिव मनोज मेहता इचाक प्रखंड सचिव अयोध्या प्रसाद मेहता पदमा प्रखंड सचिव राजू रजक विनोद यादव रामेश्वर राणा कृष्णा कुमार विनोद यादव राजेंद्र दास वीरेंद्र यादव अशोक कुमार साहू महेश कुमार रिंपा देवी चंद्रिका देवी मंजू देवी इंद्रदेव सिंह सुरेश कुमार विश्वनाथ यादव सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

## श्याम बाबा का केदारनाथ के तर्ज पर किया गया शृंगार, आकर्षण का बना रहा केंद्र बिंदु



**झुमरी तिलैया।** शहर के पानीटंकी रोड स्थित श्याम मंदिर मे रविवार को बारस ज्योत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान श्याम को खीर चूरमा का भोग भी अर्पण किया गया। बाबा श्याम का श्रृंगार केदारनाथ मंदिर के तर्ज पर किया गया था जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। वहीं दूसरी ओर ताली कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमे सज्जन खेतान ने गणेश वंदना प्रस्तुत किया। भजन गायक सत्येंद्र सिन्हा ने वो खाटूवाले परिवार तेरे हवाले.... आलोक सिन्हा ने हे दुःखभंजन मारुती नंदन सुनले मेरी पुकार...... नंदकिशोर शर्मा ने अपनी आँचल मे छुपा लीजिये राधा रानी कृपा कीजिये..... विपुल चौधरी ने किसने सजाया दरबार बड़ा प्यारा लागे...... हिमांशु केडिया ने देना है तो दीजिये जनम-जनम का साथ.... जैसे भजन प्रस्तुत कर खूब झूमाया।इस अवसर पर अरविन्द चौधरी,संजू पिलानिया, विष्णु चौधरी,संदीप हिसारिया,संजय नरेड़ी,संतोष लड्ढा,गोपाल चौधरी,नवीन सिन्हा,नितेश अग्रवाल,वैभव चौधरी,रिशु नरेड़ी, संजय खेमानी,सारांश लड्ढा,अनिमेष कृष्ण,शांति देवी खेतान,अंजना केडिया,ममता नरेड़ी,श्रेया केडिया,खुशबु केडिया,सारिका लड्ढा, सुविता अग्रवाल,ऋचा भोजनवाला,अनिता चौधरी,सीमा पिलानिया,प्रीति जागनानी आदि उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा भजनो का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जहाँ बाबा का भव्य दरवार सजाया गया। यहाँ नवीन पांड्या, दीपक बसंत सहित कई गायकों ने भजन प्रस्तुत किया।

## अग्निवीर स्कीम के तहत वायु सेना में भर्ती के लिए प्रक्रिया सिमडेगा में हुई प्रारंभ

**सिमडेगा।** अग्निवीर वायु की भर्ती के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 27 जुलाई से 17 अगस्त तक जारी है।सिमडेगा जिले में प्रशासन इसके लिए हर संभव प्रयास कर रहा है कि पहले ज्यादा से ज्यादा संख्या में रजिस्ट्रेशन हो और फिर रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों को कोचिंग मुहैया कराकर उन्हें भारतीय वायुसेना में चयनित कराया जाए। इसके लिए रजिस्ट्रेशन हेतु जिला नियोजन कार्यालय में मुफ्त एवं निरंतर सेवा का प्रावधान किया गया है। 17 अगस्त तक सप्ताह के हर दिन प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक जिला नियोजन कार्यालय में जाकर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। यह सुविधा निशुल्क है। उसके बाद की तैयारी हेतु जिला पुस्तकालय एवं जिला नियोजन कार्यालय में अग्निवीर वायु के लिए सारी पुस्तकें उपलब्ध है।

जागरूक

## प्रेरणा शाखा ने मित्रता दिवस पर पौधरोपण कर दिया संदेश

# दुनिया में सबसे प्यारा रिश्ता पेड़-पौधे से दोस्ती : श्रेया

नवीन मेल संवाददाता

**झुमरी तिलैया।** विश्व मित्रता दिवस के मौके पर रविवार को झुमरीतिलैया के अड्डी बंगला रोड में प्रेरणा शाखा के तत्वधान में पौधारोपण कर मित्रता की मिसाल पेश की गई ।शाखा की पदाधिकारी और सदस्यों ने कहा कि पेड़ पौधे से मित्रता करने से हमें कई फायदे मिलेंगे और पर्यावरण भी संतुलित रहेगा। इसी उद्देश्य को लेकर प्रेरणा शाखा ने अभी तक डेढ़ माह में 751 पौधे लगाकर इसकी रक्षा का भी संकल्प लिया।इस अवसर पर शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया ने कहा कि दुनिया का सबसे प्यारा रिश्ता दोस्ती का होता है। एक सच्चा दोस्त हमारी जिंदगी को नई राह देता है, यदि आप किसी से सच्ची दोस्ती करते हैं तो केवल सुख के लिए ही नहीं बल्कि हमें प्रण करना चाहिए कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए हम पेड़ पौधे से दोस्ती करें जिससे आने वाली पीढ़ी को संतुलित वातावरण का फायदा मिल सके। पौधारोपण के साथ समाज को इसके महत्व के बारे में भी प्रेरणा शाखा संदेश देने का कार्य कर रही है। उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया ने कहा कि जितनी तेजी से जंगलों की कटाई हो रही है मानव समाज के लिए हानिकारक साबित हो रहा है। मानव समाज को पौधारोपण के प्रति जागरूक होना होगा। सचिव सारिका लड्ढा ने कहा कि आज के समय में मित्रता स्वार्थ की रह गई है ।मित्रता के लिए कृष्ण-सुदामा की अटूट मित्रता आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्रेरणा शाखा का मुख्य उद्देश्य मित्रता को बढ़ावा देने के लिए पेड़ पौधे से दोस्ती करने पर बल दिया और कहा कि विकास की आंधी में हमें समय रहते पेड़ पौधे को अधिक से अधिक लगाने की जरूरत है। वृक्ष जलवायु परिवर्तन को रोकने और वर्षा होने में महत्वपूर्ण योगदान भी देता है। मारवाड़ी युवा मंच और इसकी इकाइयां प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, प्रांतीय महामंत्री सार्थक अग्रवाल ,पर्यावरण संयोजक श्वेता भाला के कुशल नेतृत्व में इस कार्यक्रम को अंजाम दिया जा रहा है। मौके पर श्वेता गुटगुटिया, निशा केडिया ,रश्मि केडिया, नीतू अग्रवाल, शीतल पोद्दार, नेहा जैन ,पूर्व अध्यक्ष प्रीति केडिया, प्रीति गुटगुटिया आदि उपस्थित थे। वही सचिव सारिका लड्ढा ने बताया कि अगस्त माह में गौ आहार, सावन मिलन आनंद सब के लिए तथा के तहत कई जन सेवा के कार्य किए जाएंगे।



